प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात **दिनांक- 29.07.2025**

थाना शिवली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत बैरी दरियाव के प्रधान की हत्या की घटना का थाना शिवली पुलिस द्वारा किया गया खुलासा।

थाना शिवली पुलिस द्वारा हत्या की घटना में शामिल 01 नफर अभियुक्ता को गिरफ्तार कर अन्य 02 नफर बाल अपचारीगण को अभिरक्षा में लिया गया।

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, वादी श्री जितेन्द्र कुमार पुत्र जयराम निवासी ग्राम सम्भरपुर, थाना शिवली, जनपद कानपुर देहात द्वारा दिनांक 28.07.2025 को तहरीर दी गयी कि उसके चाचा ग्राम पंचायत बैरी दरियाव के प्रधान प्रेमनारायण पुत्र भिखारी निवासी ग्राम सम्भरपुर, थाना शिवली, जनपद कानपुर देहात की उसकी चाची व उसके चचेरे भाइयों (मृतक प्रेमनारायण की पत्नी व 02 बच्चों) ने मिलकर हत्या करके शव को कहीं फेंक दिया है, के सम्बन्ध में थाना शिवली पर मु0अ0सं0 198/2025 धारा 103(1)/238 (ख) बीएनएस बनाम नामजद 01 नफर अभियुक्ता व 02 नफर बाल अपचारीगण पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में थाना शिवली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 28.07.2025 समय 16.25 बजे 01 नफर बाल अपचारी (प्रेम नारायण का पुत्र) को अभिरक्षा में लिया गया, जिसकी निशांदेही से मृतक प्रेमनारायण के शव को मृतक के घर से करीब 600 मीटर की दूरी पर गांव के बाहर सड़क किनारे झाडियों से बरामद किया गया एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल पैशन प्रो नं0 UP 78 DW 2589 को बाल अपचारी की निशान देही पर मृतक के घर से बरामद की गयी। आज दिनांक 29.07.2025 को समय 08.20 बजे मुखबिर खास की सूचना पर केशरी निवादा नहर पुल से नामित अभियुक्ता (मृतक प्रेमनारायण की पत्नी) व 01 नफ़र बाल अपचारी (प्रेमनारायण के पुत्र) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्ता व बाल अपचारीगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्ता व अभिरक्षा में लिये गये बाल अपचारी का विवरण –

1. 01 नफर अभियुक्ता।
2. 02 नफर बाल अपचारीगण।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ में अभियुक्ता व बाल अपचारीगण द्वारा बताया गया कि दिनांक 27.07.2025 की शाम समय लगभग 06.00 बजे जब पिताजी रोजाना की तरह शराब पीकर घर आकर मुझसे, मेरी माताजी व मेरे भाई से वाद-विवाद व गाली-गलौज करने लगे तो वाद-विवाद में हुई मारपीट के दौरान पिताजी का गला दबा दिया जिससे मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गयी और हम लोगों ने पिताजी का शव रात के 11.00 बजे तक घर पर रखा उसके बाद हम लोगों ने रात में शव को मोटर साइकिल पैशन प्रो नं0 UP 78 DW 2589 पर रखकर गाँव के बाहर झाडियों में फेंक दिया।

गिरफ्तारी करने (अभिरक्षा में लेने) वाली टीम-

थाना शिवली पुलिस